तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, शुक्रवार 28 फरवरी 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट



13 दर्री में दसवीं के विद्यार्थियों के लिए हुआ दीक्षांत समारोह





14 महाशिवरात्रि पर शिवालयों में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब...




## खबर संक्षेप

### बिना लाइसेंस व वर्दी के बस संचालन पर होगी कार्रवाई

**बालोद।** राज्य में बिना परिचालक लाईसेंस एवं निर्धारित वर्दी के यात्री बसों का संचालन किए जाने के संबंध में गुरुवार को बस मालिकों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी बस मालिकों को अनिवार्य रूप से परिचालक लाईसेंस व निर्धारित वर्दी के साथ बस संचालन के निर्देश दिए गए हैं। जिला परिवहन अधिकारी ने बताया कि उक्त निर्देशों का पालन नहीं किए जाने पर मोटरयान अधिनियम 1988 की धारा–29 के तहत चालानी कार्रवाई की जाएगी।

### भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में बालोद के बच्चों ने बनाया स्थान

**बालोद।** भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में राज्य स्तर में बालोद से चार विद्यार्थियों ने स्थान बनाया है। भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा जिला संयोजक मिलन सिंह सिन्हा ने बताया कि अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार स्थित देव संस्कृति विश्वविद्यालय द्वारा संचालित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा 2024–25 का राज्य स्तरीय परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इसमें बालोद जिला से राज्य स्तर पर 5वीं से द्वितीय हिमांशु साहू सरस्वती शिशु मंदिर दल्ली राजहरा, 9वीं से द्वितीय निष्ठा साहू शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय माहुद, 10वीं से द्वितीय गरिमा सोनी प्रियदर्शनी अर्जुंदा और 12वीं से तृतीय राजेश कुमार शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय ज सांकरा ने स्थान प्राप्त किया।

### टीचर्स एसोसिएशन ने मोदी की गारंटी लागू नहीं होने पर जताई नाराजगी

**बालोद।** छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन व प्रदेश के एलबी संवर्ग के शिक्षक नरेंद्र मोदी की गारंटी को अब तक राज्य शासन द्वारा लागू नहीं किये जाने पर नाराजगी जताई है। टीचर्स एसोसिएशन जिलाध्यक्ष दिलीप साहू ने बताया कि सहायक शिक्षकों की वेतन विसंगति, क्रमोन्नति एवं केंद्र के समान महंगाई भत्ता देने का विषय विधानसभा चुनाव 2023 के घोषणा पत्र में भी शामिल है। शिक्षकों के पूर्व सेवा गणना मिशन के तहत जिन मुख्य 5 मांग को लेकर लगातार शिक्षकों द्वारा आंदोलन किया जा चुका है, जिसमे सहायक शिक्षकों के वेतन विसंगति दूर कर समस्त एलबी संवर्ग को क्रमोन्नत वेतनमान प्रदान करने, समतुल्य वेतनमान (पुनरीक्षित वेतनमान) में सही वेतन का निर्धारण कर 1.86 के गुणांक पर वेतन निर्धारण करने, पूर्व सेवा अवधि की गणना करते हुए समस्त शिक्षक एलबी संवर्ग के पुरानी पेंशन को निर्धारित करने एवं भारत सरकार द्वारा 2 सितंबर 2008 को जारी आदेश के समान 33 वर्ष में पूर्ण पेंशन के स्थान पर 20 वर्ष में पूर्ण पेंशन का प्रावधान करने सहित अनेक मांगे शामिल हैं।

संकट : पेयजल के लिए करोड़ रुपए खर्च करने के बावजूद नलों से नहीं आ रहा पर्याप्त पानी

# बोरवेल सूख रहे, शहर के वार्डों में गहराया जल संकट, टैंकर के भरोसे हो रही सप्लाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शहर में पेयजल आपूर्ति के लिए करोड़ रुपए खर्च करने के बावजूद वार्डों में पेयजल संकट बरकरार है। शहर कई क्षेत्रों में नलों के माध्यम से पर्याप्त पेयजल सप्लाई नहीं हो रही है। जिसकी वजह से प्रभावित वार्डों में पानी टैंकर से जलापूर्ति की जा रही है। प्रतिदिन शहर के दूरस्थ वार्डों में दर्जनों ट्रिप पानी टैंकर के माध्यम से भेजा जा रहा है।

शहर में पेयजल आपूर्ति को लेकर क्षेत्रों में बीते दिनों से नलों से पर्याप्त पानी नहीं आने की शिकायत है, वहीं बोर पंप पूरी तरह से ठप्प हो गए हैं। लेकिन इसे अब तक दूरूस्त नहीं किया जा सका है। वार्ड के लोगों के आक्रोश बाद पानी टैंकर भेज दिया जाता है, लेकिन समस्या का स्थाई समाधान नहीं हो रहा है। कई स्थानों पर काफी गंभीर स्थिति निर्मित है एक तरह पानी नहीं मिल पा रहा है। पेयजल को लेकर गर्मी के दिनों में समस्या होना आम बात है, परंतु अमृत मिशन के तहत नई पाइप लाइन से कनेक्शन देने के बाद कई क्षेत्रों में नलों से आने वाले पानी की धार कम हुई है। जिसको लेकर कई बार शिकायत भी हुई और मरम्मत के लिए गड्ढे भी खोदे गए, लेकिन अधिकांश क्षेत्रों में कम पानी आने की समस्या का समाधान नहीं हो पाया है। बहरहाल फरवरी माह में जिस तरह से पेयजल को लेकर हाहाकार मचा गया है इससे लग रहा है कि आगामी माह मार्च ओर अप्रैल में जल संकट की स्थिति ओर भी गंभीर हो सकती है।




### अमृत मिशन योजना का नहीं मिल रहा लाभ

करोड़ रुपए की अमृत मिशन योजना के शुरू हो जाने से पर्याप्त पेयजल मिलने की बात कही गई थी, लेकिन इस योजना का अब तक शहर के सभी वार्डों में लाभ नहीं मिल पाया है और अमृत मिशन योजना के बेतरतीब कार्य के चलते योजना का सफल क्रियान्वयन नहीं हुआ है। कई क्षेत्रों में लगाए गए मिशन के तहत बनी पानी टंकी लीकेज होकर टपकने का मामला भी सामने आया है। ऐसे में इस पूरी योजना के कार्य को समझा जा सकता है।

## बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे लोग, टैंकर आते टूट पड़ते हैं लोग

**नवागढ़।** ठंड का असर कम होते ही गर्मी ने दस्तक देनी शुरू कर दी है। दिन में तेज धूप से लोग जहां परेशान हो जा रहे हैं, वैसे ही गर्मी शुरू होते ही चारो ओर पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है। नवागढ़ शहर में फरवरी माह में ही पानी की गम्भीर समस्या आन पड़ी है। गली मोहल्लों में सुबह से पानी के लिए यहां वहां बर्तन लेकर लोग पानी की तलाश में निकलना शुरू हो गए। शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में भी पानी की समस्या सामने आ रही है। जहां जहां हैंडपंप या निजी बोर खराब पड़े हैं वहां लोग नगर पंचायत के टैंकर के भरोसे या लम्बी दूरी तय कर पानी लाने को मजबूर हैं।

अभी गर्मी की शुरुआती हुई है। इसी बीच बड़ी परेशानियां हो रही हैं। नवागढ़ शहर का लगभग 70 प्रतिशत एरिया लगभग ड्राई हो गया है, वहीं बचत क्षेत्र में भी अब जल संकट गहराने लगा है। वहीं 01 करोड़ 71 लाख की लागत की नवागढ़ आवर्धन जल प्रदाय योजना भी जल स्तर गिरने से ढप नजर आ रही है। हर घर में लोगों को नल के द्वारा पीने का पानी मिल सके पर करोड़ों की इस योजना के बाद भी इस इलाके के लोग बूंद, बूंद पानी को तरस रहे है। तीनों टँकीयो में पानी नहीं भर पाने के चलते



सप्लाई भी न के बराबर हो रही है। बहरहाल, अभी तो गर्मी पूरी तरह से आई भी नहीं है, ऐसे में लोगों को चिंता इस बात की है कि मई-जून के महीने में हालत क्या होगी।

### टैंकर से पानी भरने को लेकर भीड़

नवागढ़ नगर पंचायत बनने के 25 वर्ष बाद भी नवागढ़ में लोग पानी की समस्या से जूझ रहे हैं। वर्तमान में निकाय के टैंकरों से अधिकांश हिस्सों में पानी की आपूर्ति की जा रही है। नगर की आबादी करीब 10 हजार है। इसकी वजह से पानी की खपत भी ज्यादा है। नगर पंचायत केवल 4 टैंकरों के माध्यम से जल आपूर्ति करा रहा है। मोहल्लों में टैंकर के इंतजार में घंटों पहले से लोग ड्रम, प्लास्टिक के पाइप, पानी के डिब्बे लेकर इंतजार ▶▶| शेष पेज 13 पर

### नदी का जल लाने की तैयारी

नगर का जल स्तर बहुत नीचे जा चुका है, भूमिगत जल से ज्यादा दिन पानी सप्लाई सम्भव नहीं है। नाबाड योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्र में शिवनाथ नदी से आई पाइप लाइन को नगर से जोड़ने की मांग की गई है।

**- बसंत कुमार लोन्हारे, सीएमओ नगर पंचायत नवागढ़।**

### जल संकट को दूर किया जाएगा

गर्मी में होने वाली जल समस्या लेकर पूर्व के नगर परिषद द्वारा कोई योजना नहीं बनाई गई थी, जिसके चलती आज भीषण जल समस्या से सभी नगरवासी जूझ रहे है। नगर के हर वार्ड से पानी की समस्या की शिकायतें मिल रही है। जल्द ही योजनाबद्ध तरीके से जल संकट को दूर करने प्रयास किया जाएगा। इसके लिए नगरवासियों के सहयोग की अपेक्षा है।

**- सिद्धांत चौहान नवनिर्वाचित अध्यक्ष, नगर पंचायत नवागढ़।**

# डेहरी में छत्तीसगढ़ी सिंगर ने फांसी लगाकर दी जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

पुलिस चौकी देवकर क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम डेहरी में स्थानीय नवयुवक ने बीते बुधवार को फाँसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर दी। पुलिस चौकी से मिली जानकारी के मुताबिक 38 वर्षीय मृतक ईशु गेन्ड्रे पिता स्व गिरधारी गेन्ड्रे रोजाना की तरह खाना खाकर सोने चला गया। इसी बीच उसने रात ढाई बजे से 6 बजे के बीच फांसी का फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया।

सूचना मिलने पर मृतक के घर पहुंची देवकर चौकी की पुलिस ने मृतक का पंचनामा बनाकर बॉडी को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। ततपश्चात मृतक के शव को परिजनों को सौप दिया गया। बताया जा रहा है, कि मृतक ईशु गेन्ड्रे सामान्य कामकाज करने के साथ छत्तीसगढ़ी गाना का गायन करता था। उसके निधन से परिजनों में शोक की लहर है। इस सम्बंध में चौकी प्रभारी डीपी देशलहरे ने बताया कि मामले में मर्ग कायम कर रिपोर्ट दर्ज किया गया है वही आत्महत्या के सभी कारणों एवं पहलुओं की जांच की जा रही है। पीएम रिपोर्ट एवं बारीकी से जांच-पड़ताल के बाद सुसाइड के कारणों का खुलासा हो पाएगा।

### सहसपुर में युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**देवकर।** पुलिस चौकी देवकर इलाके में आत्महत्या का दूसरा मामला गुरुवार को सामने आया है। जिसके मुताबिक चौकी क्षेत्र के सहसपुर गांव के निवासी 37 वर्षीय विनोद कुमार नेताम पिता मोहन नेताम ने बीती गुरुवार की रात साढ़े 12 बजे के बाद फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। हालाकि अभी तक मृतक युवक विनोद नेताम के आत्महत्या करने के कारण खुलासा नहीं हो पाया है। किंतु पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा बना लिया गया है एवं शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौप दिया गया है। इस सम्बंध में स्थानीय पुलिस का कहना है कि घटना पर जांच शुरू हो गयी है, जिसमें पूछताछ की जा रही है।


पाठक सूचना

बेमेतरा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319154342, 8224868411


# नशे के अवैध कारोबार में लिप्त व्यक्ति को 6 माह की सजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- एस.पी. के प्रतिवेदन पर संभागायुक्त ने दिया आदेश

संभाग के आयुक्त एवं निरूद्धकर्ता प्राधिकारी सत्यनारायण राठौर ने पुलिस अधीक्षक बेमेतरा के प्रतिवेदन पर अवैध कार्यों में लिप्त रहने पर ग्राम सरदा निवासी शेषनारायण साहू पिता स्व. सीताराम साहू को 06 माह के लिए जिला जेल बेमेतरा में निरूद्ध करने का आदेश दिया।

थाना बेरला में शेषनारायण साहू के विरूद्ध वर्ष 2023 एवं 2024 में लगातार नारकोटिक्स एक्ट के 02 मामले दर्ज कर कार्रवाई की गई है। इसके अलावा उसके विरूद्ध समय-समय प्रतिबंधात्मक मामला दर्ज करने की कार्रवाई भी की गई है। आरोपी जेल से छूट जाने के पश्चात लगातार आपराधिक गतिविधियों पर संलिप्त रहा है ओर उसकी प्रवृत्ति में कोई सुधार प्रतीत नही रहा था। वर्तमान में भी शराब व गांजा सहित अन्य मादक पदार्थ बेचने की शिकायत लगातार मिलती रही है। आपराधिक गतिविधियों के कारण समाज में रहने से विपरीत प्रभाव पड़ने से संभावना बनी रहती थी ऐसी स्थिति में प्रकरण में आये प्रतिवेदन, जवाब, साक्षियों के बयान एवं तर्क के आधार पर शेषनारायण साहू को जेल में निरूद्ध किए जाने का आदेश जारी किया गया।

ज्ञात हो कि पुलिस अधीक्षक के प्रतिवेदन के अनुसार आरोपी शेषनारायण साहू अवैध रूप से धन अर्जन के लिए अवैध गांजा/अवैध शराब की बिक्री में सक्रिय रहा। आरोपी के क्रियाकलापों से समाज व राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में हानिकारक प्रभाव पड़ रहा है। मोहल्ले के लोग अवैध रूप से मिलने वाली गांजा का सेवन कर नशे की आदी होकर मोहल्ले तथा अपने परिवार के लोगों से झगड़ा विवाद करने लगे हैं, जिससे मोहल्ले के लोगों में आक्रोश व्याप्त था आरोपी का निवास ग्राम सरदा बस्ती में सार्वजनिक स्थल में स्थित है। जहां प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में संभ्रांत नागरिक अपने परिवारजनों के साथ आना-जाना करते हैं। आरोपी के द्वारा अवैध रूप से गांजा की बिक्री करने से ग्राम सरदा के आस-पास असामाजिक तत्वों को सुलभ अवैध गांजा मिलने से गांजे की नशे में लिप्त होकर गली में आने जाने वालों के साथ झगड़ा विवाद जैसे घटनाओं को अंजाम देते हैं। शेषनारायण अवैध रूप से शराब व गांजा जैसे नशीली पदार्थ का अवैध व्यापार करने का आदी हो गया है। संभाग आयुक्त एवं निरूद्धकर्ता प्राधिकारी श्री राठौर ने प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए 24 फरवरी को न्यायालयीन आदेश पारित कर मादक पदार्थों की बिक्री में संलिप्त शेषनारायण साहू को जिला जेल बेमेतरा में 06 माह के लिए निरूद्ध करने के आदेश दिए हैं।

12 मार्च से पहले शपथ ग्रहण आयोजित कराने के निर्देश

# शहर सरकार आठ तक ले लेगी शपथ, 4-5 मार्च को चुने जाएंगे जिपं-जनपद अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

नगरीय निकाय और त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव निपटने के बाद अब नई सरकार के शपथ ग्रहण को

- सभी निकाय में की जा रही शपथ को लेकर तैयारी
- जिला पंचायत के अध्यक्ष के लिए चल रहा मंथन

लेकर तैयारियां शुरू हो गई है। जिले में आठ तक शहर सरकार के साथ ही जिला पंचायत और 4 जनपद पंचायतों को लेकर प्रथम सम्मेलन यानि शपथ ग्रहण का लगभग कार्यक्रम तय कर लिया गया है। 4 मार्च को जनपद पंचायत के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का निर्वाचन कराया जाएगा। इसके बाद पांच मार्च को जिला पंचायत के अध्यक्ष-उपाध्यक्ष चुने जाएंगे।




अंत में आठ मार्च को शहर सरकार के नवनिर्वाचित सदस्य शपथ लेंगे। उल्लेखनीय है कि जिले के अधिकांश निकाय और और जिला, जनपद पंचायत में भाजपा को बहुमत का आंकड़ा मिल गया है। ऐसे में भाजपा पार्टी एक साथ सभी जगह शपथ ग्रहण को लेकर योजना तैयार कर रही है। पार्टी सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार दो दिनों में शहरी सरकार का शपथ कराने के बाद जनपद और जिला पंचायत का शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। ज्ञात हो कि प्रथम सम्मेलन को लेकर राजपत्र में 24 फरवरी को प्रकाशन कर दिया गया है। जिसके चलते अगले 15 दिन यानि लगभग 12 मार्च से पहले सभी नवनिर्वाचित सदस्यों को शपथ लेना होगा। इस अवधि से पहले ही जनपद और जिला पंचायत में अध्यक्ष व उपाध्यक्ष का चयन भी करना होगा।

### सैर पर निकले सदस्य बन रहा प्लान

शपथ ग्रहण समारोह को लेकर जहां प्रशासनिक स्तर पर तैयारी चल रही है। वहीं क्रॉस वोटिंग से बचने के लिए राजनैतिक दलों ने अधिकांश जनपद, जिला पंचायत के सदस्यों को सैर पर भेज दिया है। ऐसा माना जा रहा है कि अगले एक सप्ताह तक इन नवनिर्वाचित सवस्यों को सैर कराई जाएगी। जिसके बाद शपथ ग्रहण से पहले ही इन्हें जिला मुख्यालय लाया जाएगा।

### नगर पालिका उपाध्यक्ष के लिए होगी रायशुमारी

नगर पालिका उपाध्यक्ष के पद को लेकर पूर्व सांसद प्रदीप गांधी शीघ्र ही बेमेतरा पहुंचकर पार्षदों से रायशुमारी करेगी। सूत्रों की माने तो 3 मार्च को सुबह रायशुमारी के बाद शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किए जाने की भी चर्चा है। शपथ ग्रहण के तत्काल बाद उपाध्यक्ष पद के चुनाव की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। उल्लेखनीय है कि कई दावेदार इस पद की लाईन में है।




## खबर संक्षेप

### पूर्व विधायक की कार ने बाइक को ठोका, दो घायल

**रायपुर।** बालोद के पूर्व विधायक प्रीतम साहू की कार के ड्राइवर ने लापरवाही पूर्वक कार चलाते हुए एक बाइक को ठोकर मार दी। कार की ठोकर लगने से बाइक सवार युवक घायल हो गए। घटना माना थाना क्षेत्र की है। कार चालक दिल्ली से लौट रहे प्रीतम साहू को लेने के लिए एयरपोर्ट जा रहा था। माना मार्ग से गरियाबंद, भूतेश्वर नाथ मंदिर का दर्शन करने जा रहे नरेंद्र साहू, सूरज साहू की बाइक को कार चालक ने ठोकर मार दी। कार की ठोकर लगने से दोनों युवक के पैर में फ्रैक्चर हुआ है। जिनका एक निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। घटना माना बस्ती सिग्नल के पास की है।

### श्वेता को पीएचडी

**रायपुर।** मैट्स विवि के योग विभाग द्वारा श्वेता कुर्रे को डॉक्टरेट की उपाधि प्रदान की गई। सहायक अध्यापक डॉ. सुनील मिश्र के मार्गदर्शन में उन्होंने अपना शोध कार्य पूर्ण किया। उनके शोध का विषय ''यौगिक अभ्यासों का महिलाओं के समायोजन एवं आत्मविश्वास पर पड़ने वाले प्रभाव का अध्ययन'' रहा। श्वेता पंडित सुंदरलाल शर्मा विवि में योग शिक्षिका के रूप में 9 वर्षों से सेवा प्रदान कर रही हैं।

### ट्रेनों में सामान भूल रहे यात्री, आरपीएफ लौटा रही

**रायपुर।** सफर के दौरान ट्रेनों में कीमती सामान भूलने वाले यात्रियों को उसे वापस लौटाया जा रहा है। भारतीय रेलवे द्वारा इसके लिए ऑपरेशन अमानत अभियान चला रही है। रेलवे सुरक्षा बल रायपुर से रेल मदद के माध्यम से सूचना मिली कि पुरी-दुर्ग एक्सप्रेस में यात्री का सामान छूट गया है। आरपीएफ टीम ने उक्त बैग जब्त किया और पतासाजी के बाद उसे कटनी में रहने वाले यात्री को वापस लौटाया। रेलवे स्टेशन रायपुर मे उतरते समय जल्दबाजी मे अपना बैग जिसके अन्दर लैपटॉप, चश्मा, दवाइयां सहित अन्य समान था।

### जन औषधि दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन

**रायपुर।** जन औषधि के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए हर वर्ष 7 मार्च को जन औषधि दिवस मनाया जाता है। इसके तहत छत्तीसगढ़ में 1 से 7 मार्च तक विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। योजना के प्रबंधक अनिश वोडितेलवार ने बताया कि परियोजना का थीम "दाम कम दवाई उत्तम" है। सप्ताहर भर में परियोजना की उपलब्धियों से आम नागरिकों को परिचित कराने विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएगी। जन औषधि योजना के तहत लोगों को 70 से 90 फीसदी कम दामों में दवाईयां उपलब्ध कराई जाती है। राज्य में जन औषधि केंद्रों की संख्या बढ़ाने भी बड़ी कवायद की जा रही है।

### अंतर विभागीय डीआरएम कप की शुरुआत

**रायपुर।** सेक्रेसा मैदान डब्लूआरएस कॉलोनी में 22वें अंतर विभागीय क्रिकेट प्रतियोगिता 2025 का शुभारंभ डीआरएम दयानंद ने किया।। उदघाटन समारोह में मुख्य कार्यशाला प्रबंधक एमके भंडारी, अपर मंडल रेल प्रबंधक बजरंग अग्रवाल के अलावा मंडल के अधिकारी भी उपस्थित थे। वरिष्ठ खेल अधिकारी व वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी राहुल गर्ग के द्वारा सभी को पौधे देकर सम्मानित किया गया। उन्होंने बताया कि 25 फरवरी से 13 मार्च तक चलने वाले इस खेल महासंग्राम में कुल 20 टीमें भाग लेंगी।

## श्री विष्णु महायज्ञ ओटेबंद में 11 दिवसीय भव्य मेला 1 मार्च से





**अंडा।** श्री विष्णु धाम महायज्ञ (मंदिर) ओटेबंद बगीचा में 1 मार्च से मेला का आयोजन किया जाएगा। यहां महाशिवरात्रि के 2 दिन बाद 11 दिनों का महायज्ञ मेला होता है। इस वर्ष महायज्ञ मेला 65 वां वर्ष है। मंदिर समिति के सदस्य बिरेन्द्र दिल्लीवार, लवकुश चंद्राकर, बबला चंद्राकर ने बताया कि श्री विष्णु महायज्ञ ओटेबंद में मेला श्री विष्णु महायज्ञ 1 मार्च से 11 मार्च तक आयोजित किया जाएगा है। इस दौरान बड़े-बड़े साधु संत महायज्ञ करेंगे। श्री विष्णु महायज्ञ के साथ-साथ 3 से 11 मार्च तक भागवताचार्य प्रवचन पं.श्री प्रमोद कृष्ण दास जी महाराज श्री वृंदावन वाले भागवत कथा का वाचन करेंगे। इसी तरह

### साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा की

# कलेक्टर ने पंचायत चुनाव में कार्यों के लिए अधिकारी-कर्मचारियों की सराहना की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद



कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में साप्ताहिक समय–सीमा की बैठक में शासन के जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए विभिन्न विभागों के कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की।

इस दौरान उन्होंने जिले में त्रिस्तरीय पंचायत एवं नगरीय निकाय आम निर्वाचन के कार्य के सफलतापूर्वक संपन्न होने पर निर्वाचन कार्य में लगे जिले के सभी अधिकारी–कर्मचारियों के कार्यों की सराहना की। साथ ही कहा कि इसी तरह पूरी ईमानदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में जिले को अग्रणी बनाने में महती भूमिका निभाएं। बैठक में चन्द्रवाल ने 01 मार्च से शुरू हो रहे छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल के कक्षा 10वीं एवं 12वीं के बोर्ड परीक्षाओं के आयोजन के तैयारियों की भी समीक्षा की। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को जिले में बोर्ड परीक्षाओं को सफलतापूर्वक एवं निर्विघ्न रूप से संपन्न कराने हेतु सभी तैयारियां सुनिश्चित कराने के भी निर्देश दिए हैं। इसके अंतर्गत उन्होंने परीक्षा केन्द्रों में आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित कराने, नकल आदि के प्रकरण पर रोकथाम सुनिश्चित कराने हेतु उड़नदस्ता दलों के गठन तथा बच्चों को परीक्षा के दौरान तनावमुक्त रखने हेतु संदेश प्रसारित करने के कार्य आदि सभी तैयारियों की बारी–बारी से समीक्षा की। साथ ही 17 मार्च से प्रारंभ हो रहे कक्षा 5वीं एवं 8वीं के बोर्ड परीक्षाओं के आयोजन के तैयारियों की भी समीक्षा की। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को जिले में कक्षा 5वीं एवं 8वीं के बोर्ड परीक्षाओं के सफल आयोजन हेतु जरूरी व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

#### स्वच्छ भारत मिशन के कार्यों में लाएं प्रगति

बैठक में चन्द्रवाल ने जिले में स्वच्छ भारत मिशन के कार्यों की प्रगति की भी समीक्षा करते हुए कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी परिषद बालोद से नगरीय निकायों के नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं पार्षदों के शपथ ग्रहण समारोह एवं सम्मिलन के आयोजन की तैयारियों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने शपथ ग्रहण समारोह एवं सम्मिलन के सफलतापूर्वक आयोजन हेतु सभी तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## श्रीमद् भागवत में बताई ध्रुव चरित्र व जड़भरत कथा



**लाटाबोड़।** गुरुवार को कथा के चौथे दिन देवी गीतांजली शर्मा गौरैय्या मंदिर चौरेल वाले ने ध्रुव चरित्र, जड़ भरत कथा, अजामिल चरित्र और नरसिंह अवतार की कथा सुनाई। साथ ही माता काली और दुर्गा की आकर्षक झांकी निकाली गई।

## जनपद पंचायत सदस्य बने अश्वनी जताया मतदाताओं का आभार



**लाटाबोड़।** गुंडरदेही ब्लॉक अंतर्गत जनपद पंचायत सदस्य क्षेत्र क्रमाक 21 से अश्वनी कुमार कटहरे की विजय हुई है। जीत के बाद ग्रामीणों व समर्थकों के साथ विजय जुलूस निकाला। इस दौरान उन्होंने सभी मतदाताओं का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि यह जीत मेरा व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं बल्कि ग्रामीणों के सहयोग और समर्थन का परिणाम है। इस दौरान रोहित यादव, गिरीश साहू, कुमेश सेन, रमाकांत, सियाराम डडसेना, प्रकाश सावरे सहित अनेक समर्थक उपस्थित थे।

## कैटरिंग संचालक को उपभोक्ता फोरम ने दिया दो लाख रुपए लौटाने का आदेश

- भिलाई के एक व्यक्ति ने बेटी के विवाह के लिए 10 लाख 21 हजार रुपए में दिया था ठेका
- दुष्कर्म के आरोप में जेल जाने की वजह से कर्मचारियों ने सुविधा देने के नाम पर की थी खानापूर्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



जिला उपभोक्ता फोरम ने एक कैटरिंग संचालक को सेवा में कमी के कारण दो लाख 16 हजार एक सौ रुपए छह प्रतिशत ब्याज सहित लौटाने का आदेश दिया है। उपभोक्ता फोरम ने कैटरिंग संचालक को डेढ़ महीने के भीतर रुपए लौटाने का आदेश दिया है।

जिला उपभोक्ता फोरम ने आनंद कैटरर्स के संचालक आनंद मिश्रा को जुर्माने की सजा सुनाई है। आनंद मिश्रा के खिलाफ भिलाई, नेहरू नगर निवासी निर्मल कुमार साहू ने शिकायत दर्ज कराई थी। निर्मल ने अपनी बेटी की शादी के लिए विवाह के एक वर्ष पूर्व आनंद कैटरर्स में 10 लाख 21 हजार रुपए में भोजन उपलब्ध कराने 27 जुलाई 2015 को दो लाख 11 सौ रुपए एडवांस दिया था। निर्मल कुमार की बेटी की जब शादी होनी थी, उसी समय आनंद को पुलिस ने रेप के आरोप में गिरफ्तार कर जेल दाखिल कर दिया। आनंद के जेल जाने के बाद कर्मचारियों ने निर्मल को कैटरिंग सुविधा देने के नाम पर खानापूर्ति की। सेवा में कमी से आहत निर्मल ने इसकी शिकायत जिला उपभोक्ता फोरम में कर दी। मामले की सुनवाई जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग रायपुर के अध्यक्ष डाकेश्वर प्रसाद शर्मा, सदस्य निरूपमा प्रधान और अनिल अग्निहोत्रा ने की।

## पानी शुद्ध करने एक साल में चाहिए 500 लिक्विड क्लोरीन सिलेंडर, नगर निगम ने किया टेंडर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



नगर निगम के जल विभाग ने शहरवासियों को शुद्ध पीने का पानी उपलब्ध कराने 500 लिक्विड क्लोरीन सिलेंडर का टेंडर किया है। यह टेंडर गुरुवार को खुलेगा। फिल्टर प्लांट संचालन के लिए हर माह 35 से 40 क्लोरीन सिलेंडर की जरूरत पड़ती है। सालभर में यह मात्रा 500 लिक्विड क्लोरीन सिलेंडर तक पहुंच जाती है। जल शुद्धिकरण की प्रक्रिया में क्लोरीन बेहद महत्वपूर्ण है, क्योंकि इसके उपयोग से पानी में मौजूद बैक्टीरिया और वायरस खत्म हो जाते हैं। दरअसल, गंगरेल डेम से शहर को पेयजल आपूर्ति के लिए मिलने वाले रॉ वाटर में कई तरह की अशुद्धियां होती हैं। इसे लोगों तक नलों के माध्यम से पहुंचाने से पहले जल विभाग अपने फिल्टर प्लांट के माध्यम से जल शुद्धिकरण की प्रक्रिया पूरी करता है। जल शुद्धिकरण में प्रमुख रूप से क्लोरीन और एलम बहुत महत्वपूर्ण है। फिल्टर प्लांट के अधिकारियों के मुताबिक लिक्विड क्लोरीन सिलेंडर खरीदी के लिए हर बार ऑनलाइन टेंडर किया जाता है। अब तक इसकी आपूर्ति नागपुर और आंधप्रदेश से होती रही है। प्लांट संचालन के लिए सालभर में 500 लिक्विड क्लोरीन सिलेंडर की जरूरत पड़ती है। इसे ध्यान में रखते हुए इसकी खरीदी करने ऑनलाइन टेंडर किया है।

#### प्रति सिलेंडर 14 से 16 हजार रुपये कीमत

जल शुद्धिकरण के लिए प्रयुक्त लिक्विड क्लोरीन सिलेंडर की कीमत औसत रूप से 14 से 16 हजार रुपये है, एक साल में को 500 सिलेंडर की खपत होती है। इस तरह 80 लाख रुपये का खर्च इसकी खरीदी में किया जाता है।

#### *रॉ वाटर का मटमैलापन दूर करने 800 मीट्रिक टन एलम की खपत*

*नगर निगम के जल विभाग को पानी के मटमैलापन दूर करने हर साल 800 से 850 मीट्रिक टन एलम की जरूरत पड़ती है। इसके लिए जेम पोर्टल से खरीदी होगी। सामान्य दिनों में जहां पानी का मटमैलापन दूर करने 8 से 9 टन एलम की जरूरत पड़ती है, वहीं बारिश के सीजन में पानी मटमैलापन ज्यादा होने से इसकी मात्रा 15 से 20 टन तक पहुंच जाती है। यही वजह है कि बारिश से पूर्व फिल्टर प्लांट में एलम का 75 फीसदी स्टाक सुरक्षित कर लिया जाता है। सूत्रों के मुताबिक सालभर का एलम खरीदी का खर्च औसतन 1 करोड़ 35 लाख रुपये का है।*

## आचार संहिता हटी पर राजस्व प्रकरणों के निराकरण में नहीं आई तेजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर




नगरीय निकाय चुनाव के नतीजे घोषित होने के बाद सभी निकाय क्षेत्रों में आचार संहिता 15 फरवरी से हटा दी गई है, वहीं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के नतीजे आने के बाद पंचायत क्षेत्रों में भी लागू आचार संहिता 25 फरवरी को हटा दी गई है। आचार संहिता के दौरान प्रदेश के सभी जिला कलेक्टोरेट एवं तहसील कार्यालयों में राजस्व संबंधी प्रकरणों के कामकाज भी ठप रहे। अनुमान लगाया जा रहा था कि आचार संहिता हटने के बाद राजस्व से संबंधित सभी कार्यालयों में कामकाज में तेजी आएगी, लेकिन ऐसा हुआ नहीं। सभी कार्यालयों में मंगलवार को कामकाज तो शुरू हुआ, इस दिन लंबित प्रकरणों पर पक्षकारों को सुनवाई के लिए बुलाया भी गया था, लेकिन उनमें से सिर्फ 14 प्रतिशत प्रकरणों पर ही सुनवाई की गई। इस तरह 86 प्रतिशत प्रकरणों पर सुनवाई की तारीख आगे बढ़ा दी गई, जिसके कारण कलेक्टोरेट एवं तहसील कार्यालयों में पहुंचे पक्षकारों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ा। रायपुर जिले में राजस्व संबंधी प्रकरण सबसे ज्यादा लंबित है। यहां 9500 प्रकरण लंबित है। इसी प्रकार दुर्ग में 8500 से अधिक, बिलासपुर 6500 से अधिक, महासमुंद 5000 से अधिक, रायगढ़ 5900 से अधिक, सरगुजा 9000 से अधिक, बालोद 5000 से ज्यादा अधिक प्रकरण लंबित है।इसके अलावा अन्य कई जिलों में भी 2 हजार से लेकर 5 हजार के बीच प्रकरण लंबित है। नारायणपुर जैसे कुछेक जिले में ही लंबित प्रकरणों की संख्या एक हजार से कम है।

#### 1019 प्रकरणों पर होनी थी सुनवाई, 151 में ही हो पाई

आचार संहिता हटने के बाद पहले दिन प्रदेशभर में राजस्व संबंधित 1019 प्रकरणों पर सुनवाई होनी थी। इसके लिए सभी पक्षकारों को सुनवाई की तारीख 15 दिन पहले दी गई थी, लेकिन अधिकारियों एवं तहसीलदारों की व्यस्तता के कारण मात्र 151 प्रकरणों पर ही सुनवाई हो पाई। शेष 868 प्रकरणों पर सुनवाई नहीं हो पाई। इन सभी प्रकरणों पर सुनवाई की आगामी तारीख दे दी गई है।

## सतनामी समाज की वैवाहिक पत्रिका 'बंधन' का विमोचन

**रायपुर।** गुरु घासीदास साहित्य एवं संस्कृति अकादमी द्वारा प्रकाशित सतनामी समाज का वैवाहिक परिचय पत्रिका बंधन के 9वें अंक का विमोचन किया गया। यह विमोचन न्यू राजेंद्र नगर स्थित प्रदेश कार्यालय में बुधवार को अकादमी की संरक्षक शकुन डहरिया व अध्यक्ष केपी खण्डे के आतिथ्य में किया गया। इस मौके पर उन्होंने एक स्वर में कहा कि सतनामी समाज के विवाह योग्य युवक-युवतियों को एक मंच पर लाने का यह प्रयास सराहनीय है। पत्रिका प्रकाशन से हजारों विवाह योग्य प्रतिभागियों को वर-वधु तलाशने में सुविधा होगी, वहीं अनावश्यक खर्च और समय की बर्बादी से भी बचा जा सकेगा। अकादमी के प्रदेश प्रवक्ता व पत्रिका के संपादक चेतन चंदेल ने बताया कि, बंधन पत्रिका में राजधानी में 2 फरवरी को शहीद स्मारक भवन में आयोजित राष्ट्र स्तरीय हाईटेक सतनामी युवक-युवती परिचय सम्मेलन तथा 19 जनवरी को बेमेतरा सम्मेलन में भाग लिए सभी प्रतिभागियों की रंगीन फोटोयुक्त बायोडाटा प्रकाशित की गई है।

## सीबीएसई से पहले माशिम अपना चुका दो परीक्षाओं का फॉर्मूला, 15 प्रतिशत विद्यार्थी ही हुए थे शामिल

अगले सत्र से छात्रों को दिए जाएंगे दो मौके, माशिम ने बीते सत्र से प्रारंभ की है यह सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

सीबीएसई द्वारा बोर्ड परीक्षाओं को लेकर बड़ा बदलाव किया गया है। सीबीएसई अब विद्यार्थियों के लिए वर्ष में दो बार परीक्षाएं आयोजित करेगा। पहली परीक्षा फरवरी में आयोजित की जाएगी जबकि दूसरी परीक्षा मई में आयोजित होगी।

फेल हो चुके छात्रों के अलावा सभी विषयों में उत्तीर्ण विद्यार्थी भी श्रेणी सुधार के लिए इस परीक्षा में शामिल हो सकेंगे। सीबीएसई द्वारा ये बदलाव शैक्षणिक सत्र 2025-26 से लागू किए जाएंगे, जबकि छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल शैक्षणिक सत्र 2023-24 से ही इसे लागू कर चुका है। विशेष बात यह है कि छात्रों को वर्ष में दो बार परीक्षा की छूट दिए जाने के बाद भी केवल 15% विद्यार्थियों ने ही इसका लाभ उठाया था। इनमें भी 80 प्रतिशत विद्यार्थी पूरक की पात्रता रखने वाले अथवा प्रथम बार की परीक्षा में अनुत्तीर्ण घोषित होने वाले ही थे। 2024 में माशिम ने प्रथम परीक्षा एक मार्च से आयोजित की थी, जबकि द्वितीय बोर्ड परीक्षा 23 जुलाई से 12 अगस्त तक आयोजित की गई थी। मार्च में हुई पहली बोर्ड परीक्षा में प्रदेश के करीब 6 लाख छात्र शामिल हुए थे।




#### 42 हजार पूरक छात्र, शेष अनुत्तीर्ण व श्रेणी सुधार वाले

आंकड़ों के मुताबिक, माशिम की द्वितीय परीक्षा में शामिल होने वाले 82 हजार छात्रों में से 42 छात्र पूरक की पात्रता वाले थे। इनमें 19 हजार दसवीं के तथा शेष बारहवीं कक्षा के थे। वर्ष में दो बार परीक्षा नहीं होने की स्थिति में भी पूरक छात्रो के लिए परीक्षाएं आयोजित किए जाने का प्रावधान है। इनके अलावा परीक्षा में शामिल अन्य विद्याथी वे थे, जिन्हें प्रथम परीक्षा में अनुत्तीर्ण घोषित कर दिया गया था। पहली परीक्षा में सफल होने वाले और दूसरी परीक्षा में श्रेणी सुधार के लिए बैठने वाले छात्रों की संख्या कम थी। माशिम 2025 में भी दो बार परीक्षा आयोजित करेगा। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत ये बदलाव किए गए हैं।

#### तनाव रोकने में मददगार

वहीं एक वर्ग ऐसा भी है जो सीबीएसई के इस फैसले का सही बता रहा है। होलीहार्ट्स विद्यालय के प्रबंधक आशुतोष सिंह के मुताबिक, वर्ष में दो बार परीक्षाएं आयोजित किए जाने से छात्रों का तनाव कम होगा। अधिकतर छात्र इस बात को लेकर तनाव में होते हैं कि यदि परीक्षा में बेहतर नहीं कर पाए तो आगे क्या होगा। ऐसे विद्यार्थियों के मन में अब यह बात रहेगी कि यदि वे अभी अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सके तो उनके पास एक मौका और है। इस तरह से वे तनाव रहित होकर प्रदर्शन कर पाएंगे।

## पेंशनर्स महासंघ करेगा 4 मार्च को जल संसाधन विभाग कार्यालय का घेराव

9 सूत्रीय मांग की अनदेखी से नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

- 31 दिसंबर 1988 के पूर्व नियुक्त दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों की सेवा अवधि

भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ 4 मार्च को प्रमुख अभियंता जल संसाधन कार्यालय का घेराव कर विरोध जतायेगा। नवा रायपुर स्थित प्रमुख अभियंता कार्यालय में 9 सूत्रीय मांगों के प्रति शासन का ध्यान आकर्षण कराने आंदोलन किया जा रहा है। इस आंदोलन में प्रदेश के सभी जिलों से प्रभावित सेवानिवृत्त कर्मचारी शामिल होंगे। भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ छत्तीसगढ़ प्रदेश के प्रांताध्यक्ष वीरेन्द्र नामदेव की अध्यक्षता में बुधवार को राजधानी में बैठक हुई। बैठक में जल संसाधन विभाग की 9 सूत्रीय मांगों को लेकर 4 मार्च को प्रदर्शन करने रणनीति पर चर्चा की गई। दैनिक वेतनभोगी सेवानिवृत्त कर्मचारी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक अनिल पाठक ने बताया कि जल संसाधन विभाग में 31 दिसंबर 1988 के पूर्व नियुक्त तृतीय व चतुर्थ वर्ग के सेवानिवृत्त दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों के लंबित प्रकरणों की अनदेखी की जा रही है। विभाग के अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं, जिसके कारण वरिष्ठ नागरिक पेंशनर को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।

#### प्रमुख मांगें

- दिसंबर 1988 के पूर्व से नियुक्त दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों की संपूर्ण सेवा अवधि को नियमित किया जाये।
- दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों के सेवाकाल की गणना कर उपादान प्रदान करने की मांग।
- नियमित एवं कार्यभारित स्थापना के कर्मचारियों को 300 दिन का अवकाश नकदीकरण भुगतान हो।
- अंशदायी पेंशन योजना के सदस्यों का विभागीय भविष्य निधि में जमा राशि का ब्याज सहित भुगतान किया जाये।

# 35 की जगह 326 करोड़ का जमीन मुआवजा, 248 करोड़ भुगतान भी, कलेक्टर ने सरकार को सौंपी जांच रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारत माला सड़क निर्माण के लिए अभनपुर के समीप नायक बांधा की जमीनों के लिए जहां 35 करोड़ रुपए मुआवाज बांटा जाना था, वहां गड़बड़ी करके 326 करोड़ का मुआवजा स्वीकृत किया गया। यही नहीं, 248 करोड़ की मुआवजा राशि बांट भी दी गई है, लेकिन बकाया 78 करोड़ की राशि न मिलने पर जब विवाद फूटा, तो ये बड़ा घोटाला सामने आ गया। बताया गया है कि अभनपुर क्षेत्र के इस मामले की जांच कलेक्टर रायपुर को सौंपी गई थी। उन्होंने अपनी जांच पूरी करके रिपोर्ट राजस्व विभाग (सरकार) को सौंप दी है। इस पूरे मामले में दो एसडीएम की भूमिक संदिग्ध मानी जा रही है।

## 42 प्लाट को बनाया 242

यह मामला भारतमाल सड़क निर्माण से संबंधित है। सड़क के लिए जमीन का अधिग्रहण किया जा रहा था। इसी दौरान मुख्य रूप से गड़बड़ी ये की गई कि 42 प्लाटों को टुकड़ों में बांटकर 242 प्लॉट बना दिए गए। इसके साथ ही 35 करोड़ के मुआवजे को बढ़ाकर 326 करोड़ रुपए कर दिय गया था। अधिग्रहण के पहले 3-ए के प्रकाशन के बाद संबंधित इलाके में जमीनों की खरीद-बिक्री के साथ उसके खसरे, बटांकन पर रोक लग जाती है, लेकिन अभनपुर के नायकबांधा और उरला गांव में 30ए के प्रकाशन के बाद भी प्लाट टुकड़ों में बांटे गए, ताकि नेशनल हाईवे से ज्यादा मुआवजा लिया जा सके।

## विधानसभा में भी गरमाया है मामला, सरकार का जवाब- जानकारी नहीं मिली

### 248 करोड़ देने के बाद 78 करोड़ के क्लेम

यह पूरा मामला इस तरह फूटा की एनएच डिपार्टमेंट ने 248 करोड़ रुपए की मुआवजा राशि जारी कर दी, लेकिन इसके बाद फिर 78 करोड़ का क्लेम सामने आया। यह आते ही एनएच के अधिकारी चौंके। उन्हें गड़बड़ी की आशंका लगी, तो इसकी जांच चीफ विजिलेंस अफसर ने रायपुर कलेक्टर को करने कहा। यह जांच लंबे समय से लंबित भी रही। इसके बाद केंद्र के दबाव के बाद अब कलेक्टर ने राजस्व सचिव को अपनी रिपोर्ट सौंप दी है। इस संबंध में पुष्टि करने राजस्व सचिव व कलेक्टर रायपुर से संपर्क की कोशिश की गई लेकिन वे चर्चा के लिए उपलब्ध नहीं हुए।



### विधानसभा में भी लगा है मामला

यह मामला राज्य विधानसभा के मौजूदा बजट सत्र में भी लगा है। बताया गया है कि इस संबंध में नेता प्रतिपक्ष डॉ.चरणदास महंत ने सवाल लगाया है। सवाल के जवाब में सरकार ने कहा है कि मामले की जानकारी अभी नहीं आई है। इस संबंध में विधानसभाध्यक्ष डॉ.रमन सिंह ने राजस्व मंत्री को जानकारी देने कहा है। ऐसी संभावना है कि विधानसभा में पांच मार्च को इस संबंध में सरकार जवाब पेश कर सकती है।

### 78 करोड़ का विवाद बाकी काम रुका

बताया गया है कि मुआवजा के रूप में जारी राशि में से 326 करोड़ में से 78 करोड़ रुपयों का भुगतान रुका है। इसकी वजह से संबंधित भूमि-स्वामी किसान विरोध करते हुए सड़क नहीं बनने दे रहे हैं। इस मामले को लेकर उच्च स्तरीय चर्चाएं भी होने की जानकारी मिली है। केंद्रीय मंत्री नितिन गड़करी ने इस संबंध में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उपमुख्यमंत्री अरुण साव के साथ चर्चा की है।

## खबर संक्षेप

### डांट के बाद घर से भागा बच्चा परिजनों के हवाले

**रायपुर।** पिता की डांट के बाद घर भागे 11 साल के बच्चे को रेलवे सुरक्षा बल के जवानों ने परिजनों को सुपुर्द कर दिया। रेसुब टीम को सूचना मिली थी कि अमरकंटक एक्सप्रेस में एक नाबालिग बच्चा संदिग्ध हालत में बैठा है। सूचना पर पुलिस टीम ने उसे भाटापारा रेलवे स्टेशन पर उतारा। पूछताछ में पता चला कि चकरभाठा बिलासपुर का रहने वाला बालक घर से भागा है। आरपीएफ की टीम ने काफी मशक्कत के बाद उसके घर वालों को खोज निकाला और कागजी प्रक्रिया पूरी करने के बाद बिलासपुर जिले की स्थानीय पुलिस की मदद से उसे पिता के हवाले कर दिया। बच्चे के लापता होने के बाद परिवार के सदस्य बच्चे की तलाश में काफई परेशान हो रहे थे।

### चुनाव ड्यूटी पर नशे में मिले सहायक शिक्षक पर गिरी निलंबन की गाज

**बालोद।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी चंद्रकांत कौशिक ने त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला बेलटिकरी में निरीक्षण के दौरान सहायक शिक्षक सुभाष सोरी को नशे की हालत में पाए जाने पर निलंबित कर दिया है। जारी आदेश के अनुसार त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 अंतर्गत तृतीय चरण के मतदान दिवस 23 फरवरी को गुण्डरदेही विकासखण्ड के मतदान केन्द्र क्रमांक 97 शासकीय प्राथमिक शाला बेलटिकरी का निरीक्षण किया गया। चुनाव के दौरान सहायक शिक्षक सुभाष सोरी शासकीय प्राथमिक शाला हर्राठेमा की मतदान अधिकारी क्रमांक 03 के रूप में ड्यूटी लगाई गई थी।

## पेज 11 का शेष

### बूंद-बूंद पानी के लिए ...

करने लगते हैं और जैसे ही टैंकर आता है पहले पानी भरने के लिए मारामारी मच जाती है।

**खेतो में चल रहा ट्यूबवेल:** ज्ञात हो कि क्षेत्र में गर्मी के धान के मद्देनजर भारी मात्रा में ट्यूबवेल के उपयोग के चलते जल स्तर में आई भारी गिरावट के कारण गंभीर जल संकट की समस्या उत्पन्न हो गई है। नगर में जल स्तर निम्न होने के कारण गर्मी के प्रारंभ में ही अधिकाश कुएं और तालाब सूख गए हैं तथा बोरवेल भी जवाब देने लगे हैं।

रायपुर नगर निगम के महापौर पद के लिए 16 प्रत्याशियों ने लड़ा है चुनाव

# 15 दिनों के भीतर प्रत्याशियों को देना होता है खर्च का ब्योरा, 11 दिन बीते पर फाइनल ब्योरा एक ने भी नहीं भेजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर नगर निगम में महापौर पद के नतीजे घोषित हुए 11 दिन बीत चुके हैं। निर्वाचन आयोग की गाइड लाइन के अनुसार चुनाव के नतीजे घोषित होने के 15 दिनों के भीतर सभी प्रत्याशियों को चुनाव में हुए खर्च का सम्पूर्ण ब्योरा देना होता है। प्रत्येक प्रत्याशी को खर्च का यह ब्योरा तीन बार में देना होता है। ये तीनों ब्योरा नामांकन जमा करने से लेकर चुनाव के नतीजे घोषित होने के दौरान दिया जाता है, लेकिन तीसरा व अंतिम ब्योरा देने के लिए प्रत्याशियों को नतीजे घोषित होने के बाद 15 दिनों का अतिरिक्त समय दिया जाता है। इस अतिरिक्त दिए गए समय में अब सिर्फ 4 दिन ही बचे हैं, लेकिन अब तक चुनाव लड़ने वाले 16 प्रत्याशियों में से एक ने भी खर्च का अंतिम ब्योरा निर्वाचन आयोग को सौंपा नहीं है। इसके कारण चुनाव में किस प्रत्याशी ने कुल कितनी राशि खर्च की है, इसकी जानकारी भी सार्वजनिक नहीं हो पाई है।

### दो बार के खर्च का ब्योरा दे चुके हैं सभी प्रत्याशी

रायपुर नगर निगम में महापौर पद पर चुनाव लड़ने वाले भाजपा, कांग्रेस सहित सभी 16 प्रत्याशियों ने दो बार के खर्च का ब्योरा निर्वाचन आयोग को सौंप चुके हैं। आयोग ने इन सभी प्रत्याशियों के खर्च के ब्योरा को कार्यालय में चस्पा भी कर दिया है। इस ब्योरे के अनुसार रायपुर निगम में महापौर पद के लिए 16 प्रत्याशियों ने चुनाव लड़ा रहा है। इनमें भाजपा, कांग्रेस, आम आदमी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी, शिवसेना, जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी, शिवसेना यूबीटी, धूं सेना, गोंडवाना गणतंत्र पार्टी, शक्ति सेना-भारत देश के अलावा 6 निर्दलीय प्रत्याशी भी शामिल हैं। ये सभी प्रत्याशी दो-दो बार के खर्च का ब्योरा आयोग को सौंप चुके हैं।





### चुनाव-प्रचार के लिए हर चीज की कीमत थी निर्धारित

राज्य निर्वाचन आयोग ने महापौर और अध्यक्ष चुनाव-प्रचार के लिए हर चीज की कीमत निर्धारित किया था। इसके तहत चाय, कॉफी, समोसे, सैंडविच के साथ ही बैंड, बाजा, गाड़ी समेत चुनाव प्रचार में शामिल होने वाली तमाम चीजों की अधितकम कीमत तय किया था। प्रत्याशियों ने चुनाव प्रचार के दौरान जिस-जिस चीज पर खर्च किया है, उसका ब्योरा आयोग द्वारा निर्धारित चीजों की कीमत के अनुसार ही बनाकर देना है।

### महापौर प्रत्याशी के लिए अधिकतम खर्च की सीमा 25 लाख

नगरीय निकाय चुनाव में महापौर और अध्यक्ष पद के लिए वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार अलग-अलग जनसंख्या के आधार पर अधिकतम खर्च की राशि तय की गई थी। इसके तहत महापौर पद के लिए जहां जनसंख्या 5 लाख से अधिक है वहां 25 लाख रुपए, 3 से 5 लाख के बीच जनसंख्या वाले निगम में 20 लाख रुपए तथा 3 लाख से कम जनसंख्या वाले क्षेत्र में 15 लाख रुपए खर्च की सीमा तय की गई थी। इसके तहत रायपुर में जनसंख्या के अनुसार खर्च करने की अधिकतम सीमा 25 लाख रुपए थी।

### दो बार के खर्च ब्योरा में कांग्रेस प्रत्याशी सबसे आगे

महापौर पद के 16 प्रत्याशियों ने दो बार के खर्च का ब्योरा दे चुके हैं। इन ब्योरों के अनुसार चुनाव में खर्च करने में सबसे आगे कांग्रेस प्रत्याशी दिप्ती दुबे आगे रही है। उनके दो बार के ब्योरे में खर्च की कुल राशि 665378 रुपए है। इसी प्रकार भाजपा विजयी प्रत्याशी मीनल चौबे ने 31 हजार रुपए खर्च किया है। इसी प्रकार आप पार्टी प्रत्याशी शुभांगी तिवारी ने 70730 रुपए, बसपा प्रत्याशी डा. सितारा खान ने 20500 रुपए, शिवसेना प्रत्याशी अनीता कुलदीप ने 10830 रुपए, जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी प्रत्याशी चांदनी साहू 99830 रुपए, शिवसेना यीबीटी प्रत्याशी ज्योति सिंह 10300, धूं सेना प्रत्याशी मीना तिवारी 69412 रुपए, गोंडवाना गणतंत्र पार्टी प्रत्याशी प्रिया शर्मा 19700 रुपए, शक्ति सेना प्रत्याशी सविता बंजारे 37450 रुपए। इसी प्रकार निर्दलीय प्रत्याशियों में डा. आरती सोनवानी 39740 रुपए, गायत्री सिंह 81500 रुपए, राधेश्वरी गायकवाड़ 16300 रुपए, सरोज बेन सोलंकी 49300 रुपए, शोभा 72820 रुपए तथा सुषमा अग्रवाल 32200 रुपए राशि खर्च किया है।

### तीसरा व अंतिम ब्योरा में बढ़ सकती है कई प्रत्याशियों के खर्च की राशि

महापौर के सभी प्रत्याशियों को तीसरा व अंतिम खर्च का ब्योरा अभी देना शेष है। इस ब्योरे के बाद ही यह क्लीयर हो पाएगा कि चुनाव प्रचार में किस प्रत्याशी ने कुल कितनी राशि खर्च की है। इस ब्योरे के आने के बाद कई प्रत्याशियों के खर्च की राशि भी बढ़ने की संभावना है। चुनाव में इस बार मुख्य मुकाबला भाजपा, कांग्रेस और आप पार्टी के बीच माना जा रहा था। इस कारण चुनाव प्रचार में इन तीनों प्रत्याशियों द्वारा सबसे ज्यादा खर्च किए जाने की संभावना भी जताई जा रही थी, लेकिन दो बार के खर्च के ब्योरा के आकड़ों को देखे तो तीनों प्रत्याशियों ने बहुत कम राशि खर्च की हैं।

बीएससी में बढ़े 395 छात्र

# नर्सिंग पाठ्यक्रमों में प्रवेश की अंतिम सूची जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



दावा आपत्ति की प्रक्रिया पूरी करने के बाद चिकित्सा शिक्षा संचालनालय ने नर्सिंग पाठ्यक्रमों में प्रवेश की अंतिम सूची जारी कर दी है। जोड़-घटाने के बाद बीएससी नर्सिंग में एडमिशन लेने वालों की संख्या 395 हुई है। एडमिशन के मामले में काउंसिलिंग कमेटी की टीम ने कालेजों और निर्धारित पोर्टल की जानकारी का मिलान किया है।

चिकित्सा शिक्षा संचालनालय द्वारा अपनी दावा-आपत्ति की प्रक्रिया पूरी करने के बाद बीएससी नर्सिंग, एमएससी, पोस्ट बेसिक नर्सिंग में वर्ष 2024 में हुए एडमिशन की अंतिम सूची जारी कर दी गई है। इस लिस्ट को तैयार करने के लिए तमाम कालेजों द्वारा दावा-आपत्ति मंगाई गई थी। सात कालेजों में निर्धारित सीट से ज्यादा एडमिशन होने का मामला भी सामने आया था। इस मामले में कालेज प्रबंधन से स्पष्टीकरण लिया गया और डीएमई कार्यालय के निर्धारित पोर्टल के अंतर को ठीक कर लिया गया। इस तरह अन्य आपत्तियों का निराकरण किया गया। मंगलवार को जारी की गई अंतिम सूची में बीएससी नर्सिंग में कुल 5250 विद्यार्थियों को शामिल किया गया, जो पुरानी सूची से 395 अधिक है। इसी तरह एमएससी नर्सिंग में 9 विद्यार्थी बढ़े। पूर्व में कुल एडमिशन 717 था, जरूरी दस्तावेज की जांच के बाद इनकी संख्या 726 हो गई। पोस्ट बेसिक नर्सिंग में 731 बजाए 794 लोगों की अंतिम सूची जारी की गई है।

### गर्म खाना, खीर और मौसमी फल का वितरण

**रायपुर।** महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर संस्था आवाम ए हिन्द द्वारा मानवता और सामाजिक समरसता का संदेश देते हुए राजधानी रायपुर के फुटपाथ, डीकेएस अस्पताल में इलाज के लिए आए मरीजों के परिजनों को स्वादिष्ट गर्म भोजन, खीर और मौसमी फलों का वितरण किया गया। सामाजिक सरोकारों को अपने जीवन का लक्ष्य मानते हुए कमजोर लोगों को कोई भूखा न रहे, न भूखा सोए के उद्देश्य से भोजन उपलब्ध कराते आ रहे हैं। इस मानवीय कार्य में संस्थापक मो. सज्जाद खान के साथ राजेंन्द्र शर्मा, जाकिर हुसैन, महावीर जैन, जुबैर खान, कुलविंदर सिंह, राजकुमार साहु, वसीम एवं संस्था के अन्य सदस्यों का योगदान रहा।

# सिविल लाइन में बनेगा हाईकोर्ट के न्यायाधीशों के लिए अतिथि गृह

## मुख्य न्यायाधिपति रमेश सिन्हा ने किया भूमिपूजन व शिलान्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



बिलासपुर हाईकोर्ट के न्यायाधीशों के ठहरने के लिए राजधानी रायपुर के सिविल लाइन में अतिथि गृह भवन का निर्माण होना है। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा ने बुधवार को अतिथि गृह भवन के लिए भूमिपूजन व शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि न्यायिक अधोसंरचना, न्यायालय भवन, न्यायिक अधिकारियों व कर्मचारियों के लिए आवास सदैव से उनकी प्राथमिकता में रहा है और जब से उनके द्वारा छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय में कार्यभार ग्रहण किया गया है, तब से प्रदेश की न्यायिक अधोसंरचना, न्यायालय भवन, न्यायिक अधिकारियों व कर्मचारियों के लिए आवास व सुविधाओं के लिए सतत प्रयास किए गए हैं। इन प्रयासों को राज्य शासन का भी सहयोग मिला है। उन्होंने कहा कि राज्य शासन ने उनके द्वारा दिए गए सुझावों और सलाहों को स्वीकार किया और संसाधन और सुविधाएं उपलब्ध कराई हैं, जिसके परिणामस्वरूप राज्य में न्यायिक अधोसंरचना, न्यायालय भवन, न्यायिक अधिकारियों व कर्मचारियों के लिए आवास की स्थिति पहले से बहुत सुदृढ़ व समुन्नत हुई है। उन्होंने अतिथि गृह का शिलान्यास व भूमिपूजन करने के संबंध में बताया कि राज्य में अन्य राज्यों की तरह उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों के लिए अतिथि गृह हो यह संकल्पना उनके मन में कार्यभार ग्रहण करते समय से रहा है। इसके लिए उनके द्वारा अपने साथी न्यायाधीशों से चर्चा की गई और विचार-विमर्श के बाद रायपुर शहर में ही अतिथि गृह के लिए उपयुक्त भूमि उपलब्ध हो, इसके लिए प्रयास किए गए। ये उन्हीं प्रयासों का परिणाम है कि रायपुर शहर के हृदय स्थल में उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों के लिए अतिथि गृह का शिलान्यास व भूमिपूजन किया जा रहा है।

**सेवानिवृत्त न्यायाधीशों के लिए उपलब्ध रहेगा अतिथि गृह**

चीफ जस्टिस ने कहा कि यह अतिथि गृह केवल न्यायालय के न्यायाधीशों के लिए बनाया जा रहा है। यह अतिथि गृह उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश के साथ-साथ पूर्व न्यायाधीश के लिए भी उपलब्ध रहेगा।

### 26752 वर्ग मीटर में तीन मंजिला बनेगा अतिथि गृह

जानकारी के अनुसार अतिथि गृह 2675.02 वर्ग मीटर में बनेगा। इसमें भूतल, प्रथम तल व द्वितीय तल होगा। इसमें 1 रेसिडेंशियल सूईट, 4 सुईट रूम, 7 सुपर डीलक्स रूम, कान्फ्रेंस हाल, इन्चार्ज एवं स्टोर रूम, 4 अन्य सुविधा कक्ष, रिसेप्शन व प्रतीक्षा लाबी, 40 सीटर बोर्ड रूम, वीआईपी लाउंज, प्रोटोकाल आफिस, डायनिंग एरिया, किचन, स्टोर, लाण्ड्री और केयर टेकर रूम आदि की सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इस तरह अतिथि गृह भव्य और सुविधायुक्त होगा।

### ये रहे उपस्थित

भूमिपूजन और शिलान्यास कार्यक्रम में रजिस्ट्रार जनरल हाईकोर्ट के. विनोद कुजूर, प्रमुख सचिव विधि एवं विधायी कार्य विभाग के रजनीश श्रीवास्तव सहित हाईकोर्ट एवं रायपुर कोर्ट के कई न्यायाधीश सहित न्यायिक अकादमी के अधिकारी, जिला न्यायपालिका व प्रतिनियुक्ति पर नियुक्त न्यायिक अधिकारी उपस्थित थे।

# कांग्रेस प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक आज निकाय चुनावों में हार की होगी समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश में नगरीय निकाय चुनावों में कांग्रेस की हार की समीक्षा के करने 28 फरवरी को कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक बुलाई गई है। बैठक में सभी कार्यकारिणी सदस्य सहित प्रभारी सचिव जारिता लैतफलांग, संपत कुमार और सह प्रभारी विजय जांगिड़ भी इसमें मौजूद रहेंगे।

नगरीय निकाय चुनावों में हार और पंचायत चुनाव में जीत के दावों को लेकर हो रही बैठक में एक बार फिर पीसीसी अध्यक्ष को हटाने की चर्चा के बीच होने वाली बैठक को अहम माना जा रहा है। सूत्र बताते हैं कि पिछले दिनों विधायक दल की बैठक में इसे लेकर चर्चा के दौरान कई पूर्व मंत्री और



वरिष्ठ कांग्रेस नेता उनके समर्थन में आगे आए थे। अब निकाय चुनाव में हार के कारणों का पता लगाने बिंदुवार चर्चा होगी। बताया जा रहा है कि निकायों में कांग्रेस को पिछले साल के मुकाबले बुरी तरह से हार झेलनी पड़ी है। वहीं कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं के आरोप प्रत्यारोप के मामलों पर भी चर्चा कर निर्णय लिए जा सकते हैं।

### गुटबाजी और टिकट वितरण पर भी चर्चा

निकाय चुनाव में हार के बाद कांगेस के कई नेताओं ने पीसीसी अध्यक्ष के खिलाफ सीधे मोर्चा खोल दिया है। वहीं गुटबाजी के कारण टिकट वितरण में गड़बड़ी के आरोप भी लगे हैं। बैठक में इन सभी पर विचार करने के बाद संगठन को कैसे मजबूती प्रदान किया जाए इस पर चर्चा होगी। कांग्रेस भवन पहुंच कर ईडी के समन के मामले को संगठन ने गंभीरता से लिया है। बैठक में इस पर भी चर्चा की जा सकती है।

बैज की मांग- भाजपा मुख्यालय निर्माण की जांच कराएं

# कांग्रेस भवन निर्माण पर ईडी के समन पर सियासत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजीव भवन के निर्माण पर ईडी के समन के बाद सियासत शुरू हो गई है। छत्तीसगढ़ कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने भाजपा मुख्यालय निर्माण की जांच करने की बात कही है। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने पलटवार करते हुए कहा, कांग्रेस ईडी की जांच पर राजनीति कर रही है। दीपक बैज ने कहा, प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में ईडी का समन आया है। देश के इतिहास में पहली बार किसी राजनैतिक पार्टी के कार्यालय में जाकर सेंट्रल एजेंसी ने भाजपा के इशारे पर समन दिया है।

■ साव बोले- ईडी जांच पर राजनीति कर रही कांग्रेस

कांग्रेस ने 15 साल विपक्ष में रहने के दौरान अपने कार्यकर्ताओं और जनता के सहयोग से राजीव भवन बनाया था। जन सहयोग से कांग्रेस भवन बनाना कांग्रेस की परंपरा रही है। रायपुर का ऐतिहासिक कांग्रेस भवन भी आजादी की लड़ाई के दौरान छेर-छेरा पुन्नी के त्योहार के





दौरान मांगे गये दान से बनाया गया था, जहां से कांग्रेस ने देश की आजादी की लड़ाई लड़ी थी। ईडी ने कोर्ट में पेश किया है कि 72 करोड़ में भवन बना है। हम तो एक-एक पैसे का हिसाब दे देंगे। ईडी में साहस है, तो वह भाजपा के 150 करोड़ रुपए की लागत से बने भाजपा कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे का रुपया कहां से आया, इसकी जांच करे? कुशाभाऊ ठाकरे परिसर फाइव स्टार होटल की तर्ज पर बनाया गया है। रायपुर में ही भाजपा के कार्यालय एकात्म परिसर की जमीन राजनैतिक दल के कार्यालय के लिये भाजपा ने 1 रुपए में हासिल की थी। एकात्म परिसर को व्यावसायिक कांपलेक्स में तब्दील कर दिया गया, जहां से 1.5 करोड़ रुपया किराया भाजपा वसूलती है। क्या ईडी उसकी जांच करेगी? कांग्रेस हमेशा जन सरोकार के मुद्दे को उठाते रहेगी। इससे भाजपा घबरा गयी है।

### भाजपा में गुटबाजी

दीपक बैज ने कहा, भाजपा में बहुत गुटबाजी है, इसलिये अभी तक निगम मंडलों की नियुक्ति नहीं हो पायी है। कुछ मंडलों में नियुक्ति हुयी, तो वहां विवाद भी हो गया, इसलिये निगम मंडल की कुर्सी अभी तक खाली है। भाजपा से सरकार तो संभल नहीं रही है। दो मंत्रियों का प्रभार लेकर बैठे हैं। यही गुटबाजी का कारण है।

### राजनीतिक बयानबाजी कर जनता का ध्यान भटका रही कांग्रेस : साव

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने इस पर पलटवार करते हुए कहा, कांग्रेस ईडी की जांच पर राजनीति कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि शराब घोटाले को लेकर ईडी की कार्रवाई चल रही है। अब तक साक्ष्य और तथ्यों के आधार पर कार्रवाई हुई है। कांग्रेस राजनीतिक बयानबाजी करके जनता का ध्यान भटकाने की कोशिश ना करे। कांग्रेस नेताओं की निकाय चुनाव में हुई पार्टी की हार का ठीकरा एक-दूसरे पर फोड़े जाने पर अरुण साव ने तंज कसते हुए कहा, कांग्रेस में एक-दूसरे को निपटाने का खेल चल रहा है। कांग्रेस डूबती हुई नाव की तरह होती जा रही है। कांग्रेस नेताओं के झगड़े को जनता ने पांच साल भोगा, अब उस झगड़े का खामियाजा खुद भोगेंगे।

# दर्री में दसवीं के विद्यार्थियों के लिए हुआ दीक्षांत समारोह


**थानखम्हरिया।** समीपस्थ ग्राम दर्री के शासकीय हाईस्कूल में कक्षा दसवीं के विद्यार्थियों को विदाई दी गई। यह कार्यक्रम कक्षा नवमी के विद्यार्थियों ने रखा था। प्रभारी प्राचार्य भवानी सिंह नेताम ने कहा कि वार्षिक परीक्षा में अच्छे अंक हासिल कर विद्यालय एवं माता-पिता का नाम रोशन करें। परिश्रम ही सफलता की वास्तविक कुंजी है। इस मौके पर उपस्थित हाई स्कूल दर्री प्रभारी प्रचार्य भवानी सिंह नेताम, पूर्व माध्यमिक शाला प्रभारी प्रधान पाठक राजकुमार ध्रुवे, शिक्षक गोविंद कुमार सोनकर, शिक्षक अंजनी कुमार मिर्झा, सुदामा यादव सहायक शिक्षक प्राथमिक शाला दर्री एवं स्वयं सेवी शिक्षिका दुर्गा सेन, ऋतु राजपूत, निखिल पाटिल, सरिता यादव एवं सभी विद्यार्थी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।



HEALTH TOWN
अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
● सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
● ऑपरेशन द्वारा ईलाज
● नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
● टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
● दांतो की नसों का इलाज
● दांतों की सफाई व चमकाना
● दंत प्रत्यारोपण
● मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### नीरज राजपूत बने युवा जनपद सदस्य



**बेमेतरा/कोदवा।** जनपद पंचायत क्षेत्र क्रमांक-05 परपोड़ा से युवा उम्मीदवार नीरज सिंह राजपूत ने शानदार जीत दर्ज की है। उन्होंने जनपद पंचायत क्षेत्र क्रमांक-05 के कुल 06 प्रत्याशियों में सर्वाधिक 1750 वोट पाकर अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी मनोहर यादव को 639 मतो से पराजित कर विजय का अपना पहला परचम लहराया। इस जीत के बाद जनपद क्षेत्र के ग्राम परपोड़ा, कुम्हिगुड़ा, बचेड़ी, डंगनिया-ख, साल्हेपुर, चोंगी खपरी, नारधी के कार्यकर्ताओं एवं समर्थको में उत्साह का माहौल है। युवा जनपद सदस्य के रूप में निर्वाचित हुए नीरज राजपूत वर्तमान में भाजपा बेरला मण्डल के मिडिया प्रभारी है। वही इस शानदार जीत पर परपोड़ा निवासी नीरज राजपूत ने क्षेत्र की समस्त जनता का आभार व्यक्त किया है।

### जागृति को मिली ग्राम पंचायत सोनाईडोंगरी की जिम्मेदारी

**गुरूर।** विकासखण्ड के ग्राम पंचायत सोनाईडोंगरी में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव मुकाबले में जागृति खिलावन साहू ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी से 137 वोट से जीत हासिल की है। जागृति साहू ने विजयी पंचों के साथ विजय जूलूस निकालकर घर-घर जाकर आभार व्यक्त किया। रैली में कौशल साहू, रामसहाय साहू, दुलारू राम साहू, बीरबल यादव, जितेंद्र यादव, बीर सिंह यादव, लक्की साहू, योगी साहू, वाशनिक साहू, भीषम यादव सहित कार्यकर्ता व ग्रामीण उपस्थित थे।

### ग्राम पंचायत बोहारडीह के सरपंच बने राजेंद्र कुमार

**गुरूर।** ग्राम पंचायत बोहारडीह एवं आश्रित ग्राम मुजगहन में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में युवा राजेंद्र कुमार साहू को ग्रामीणों ने अपना ग्राम सरपंच चुना है। इससे कि दोनों गांव के ग्रामीण काफी उत्साहित है। आपको बता दें कि इस चुनाव में 5 प्रत्याशी चुनाव में खड़े हुए थे, किंतु युवा वर्ग से राजेंद्र कुमार साहू ने निकटतम प्रत्याशी पर 121 वोट से जीत हासिल की है।

### ग्राम पंचायत दरगहन की सरपंच बनीं त्रिभा

**गुरूर।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में ग्राम पंचायत दरगहन आश्रित ग्राम दानीटोला, डोकला से सरपंच पद पर त्रिभा अश्वनी बंजारे ने जीत हासिल की है। यह पहली बार है जब पंचायत में ग्राम डोकला से सरपंच नियुक्त हुआ है। इससे ग्रामीणों में और अधिक उत्साह है, क्योंकि पिछले लंबे समय से दानीटोला एवं दरगहन से ही सरपंच बनते आ रहे थे।

## निधन

### दीनबंधु तिवारी



**बेमेतरा।** ग्राम जिया निवासी दीनबंधु तिवारी 76 वर्ष का गुरुवार शाम निधन हो गया। वे नितिन तिवारी, स्व सचिन तिवारी और शुभ्रा शर्मा के पिता थे। उनकी अंत्येष्टि आज दोपहर बाद जिया में की जाएगी।

## पर्व

### सुबह से मंदिरों में पहुंचने लगे लोग मेला बना आकर्षण का केंद्र

# महाशिवरात्रि पर शिवालयों में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब, गूंजे हर हर महादेव के जयकारे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| थानखम्हरिया

महाशिवरात्रि पर्व नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में भक्ति, श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। स्थानीय राधा कृष्ण जमात मंदिर, सिद्धेश्वर हनुमान मंदिर, शीतला भाटापारा मंदिर, शिव सरोवर कुटी धाम, वार्ड क्रमांक 6 राम जानकी मंदिर, वार्ड क्रमांक 5 यादव पारा सहित विभिन्न शिवालयों में भक्तों की अपार भीड़ उमड़ी।



दिनभर रुद्राभिषेक, जलाभिषेक और दुग्ध अभिषेक का आयोजन हुआ, जहां श्रद्धालुओं ने शिवलिंग पर जल, फल-फूल एवं बेलपत्र अर्पित कर भगवान शिव का आशीर्वाद प्राप्त किया। शिव भजनों और जयकारों से मंदिर परिसर भक्तिमय हो उठा। ग्राम बनिया शिव शक्ति धाम और कुटी धाम में भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी गई। परंपरा अनुसार कुटी धाम में भव्य मेले का आयोजन हुआ, जहां सैकड़ों दुकानें सजीं। बच्चों और बड़ों ने मेले का भरपूर आनंद लिया, जबकि पंचवटी सरोवर प्रमुख आकर्षण का केंद्र बना। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष अनीता चंदन अग्रवाल सहित राजेश ठाकुर, अनिल सिंघानिया, राजेश सिंघानिया ,अंजू टीकम अग्रवाल, नेहा रमेश सिन्हा, चेतन सिन्हा, रूद्रेश अग्रवाल, लाला अग्रवाल, अनीश अग्रवाल, , महेश शर्मा, रोशन सिन्हा एवं सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे। अध्यक्ष अनीता चंदन अग्रवाल ने इस पावन पर्व पर समस्त क्षेत्रवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि महाशिवरात्रि भारतीय संस्कृति का एक अनूठा पर्व है, जो श्रद्धा, आस्था और भक्ति का प्रतीक है। उन्होंने भगवान शिव एवं माता पार्वती से सभी के कल्याण और मंगल की प्रार्थना की। महाशिवरात्रि पर्व पर शिवभक्ति की धारा बहती रही और भक्तों ने आस्था के साथ भगवान शिव की आराधना कर सुख-समृद्धि की कामना की।

### कलेक्टोरेट परिसर में महाशिवरात्रि पर हुआ रुद्राभिषेक एवं भंडारा

**बेमेतरा।** जिले के संयुक्त कार्यालय एवं कलेक्ट्रेट परिसर स्थित मंदिर में महाशिवरात्रि के अवसर पर विधिवत पूजा-अर्चना और रुद्राभिषेक का आयोजन किया गया। इस धार्मिक अनुष्ठान में जिले के विभिन्न अधिकारी-कर्मचारियों सहित श्रद्धालु भक्तों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। महाशिवरात्रि का पर्व श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया। अवकाश होने के कारण भंडारा-प्रसाद का आयोजन संपन्न हुआ, जिसमें श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर रणबीर शर्मा एवं एसएसपी रामकृष्ण साहू सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारियों ने मंदिर में पूजा-अर्चना कर भगवान शिव का आशीर्वाद लिया और भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में भक्तों ने भगवान शिव की महिमा का गुणगान किया और 'हर-हर महादेव' के जयघोष से माहौल भक्तिमय बना रहा। शिवभक्तों ने शिवलिंग का दुग्धाभिषेक कर रुद्राभिषेक में भाग लिया। समर्पित भाव से किए गए इस आयोजन से जिले में आध्यात्मिक उत्साह देखने को मिला। पंडित अभिषेक दुबे ने भक्तगणों को मस्तक पर टीका लगा कर आशीर्वाद दिया।





### महाशिवरात्रि पर निकली महाकाल की बारात, झांकी देखने उमड़ा जनसैलाब



*बेमेतरा। महाशिवरात्रि पर नगर में महाकाल भक्त समिति द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें महाकाल स्वयं भूत-प्रेत और अघोरियों की बारात के साथ नगर भ्रमण पर निकले। यह अनूठी शोभायात्रा मां भद्रकाली मंदिर प्रांगण से प्रारंभ होकर शहर के मुख्य मार्गों गौरव पथ, महामाया मंदिर, गस्ती चौक सिग्नल चौक परशुराम चौक मे संपन्न हुई।यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान शिव की भव्य झांकी के दर्शन किए और श्रद्धा से 'हर-हर महादेव' के जयघोष किए। आयोजन में भक्तों की अपार भीड़ उमड़ी, जिन्होंने महादेव के इस दिव्य रूप के दर्शन कर धन्यता महसूस की।*

***शहर के सिग्नल चौक में विधायक और कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत :*** *शहर के सिंगनल चौक पर विधायक दीपेश साहू व नपा अध्यक्ष विजय ने कार्यकर्ताओं के साथ फूलों की वर्षा कर शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया और नगरवासियों को महाशिवरात्रि की शुभकामनाएँ दीं। इस अवसर पर विधायक दीपेश साहू ने कहा कि यह पर्व हमें भक्ति, समर्पण और आत्मशुद्धि का संदेश देता है। विधायक ने नगर में निकली महाकाल की भव्य शोभायात्रा का स्वागत करते हुए श्रद्धालुओं के बीच पहुंचकर उनकी आस्था और भक्ति को नमन किया। पूरा नगर हर-हर महादेव के जयघोष से गूंज उठा और भक्तिभाव में डूब गया।*

# शिक्षा महत्वपूर्ण हथियार है, इससे जीवन की हर चुनौती का सामना कर सकते हैं



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- गुनरबोड़ स्कूल में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम का हुआ

शासकीय प्राथमिक शाला गुनरबोड़ में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बच्चों को विशेष रुप से बालिका शिक्षा का महत्व बताया गया। नवाचारी शिक्षिका विधि शर्मा ने बालिकाओं को समझाया कि शिक्षा ही बालिकाओं का सबसे बड़ा गहना है। बालिकाओं के लिए शिक्षा ही महत्वपूर्ण हथियार है, जिसके द्वारा आप जीवन की हर चुनौती का सामना कर सकते हैं।

नवाचारी शिक्षिका विधि शर्मा ने उपस्थित महिलाओं से आग्रह किया कि बाल विवाह करके बच्चियों का जीवन खराब न कर बेटियों को पढ़ने के लिए प्रेरित करें और उन्हें उज्ज्वल भविष्य दें। उन्होंने कहा कि बाल विवाह, बच्चों के अधिकारों का उल्लंघन करता है। यह लड़कियों और लड़कों दोनों पर असर डालता है, लेकिन इसका असर ज़्यादातर लड़कियों पर पड़ता है। बाल विवाह के कई दोष हैं। बाल विवाह से बच्चों पर हिंसा, शोषण, और यौन शोषण का खतरा रहता है। कम उम्र में शादी करने से लड़कियों को स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। बाल विवाह से लड़कियां शिक्षा से वंचित हो जाती हैं।

बाल विवाह से लड़कियां ग़रीबी और निर्भरता के चक्र में फंस जाती हैं। बाल विवाह से लड़कियां घरेलू हिंसा, यौन शोषण, और सामाजिक बहिष्कार का शिकार होती हैं। बाल विवाह से लड़कियों को जीवन भर यौन, शारीरिक, और मानसिक हिंसा का खतरा रहता है। बाल विवाह से लड़कियों के खराब स्वास्थ्य और अवसाद का खतरा बढ़ जाता है।

#### लड़की का विवाह 18 व लड़के का 21 साल से पहले न करें

बाल विवाह को रोकने के लिए, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006 बनाया गया था। इस अधिनियम के मुताबिक, शादी के लिए लड़की की उम्र 18 साल और लड़के की उम्र 21 साल से ज़्यादा होनी चाहिए।

बाल विवाह लड़कियों और लड़कों दोनों पर असर डालता है, लेकिन इसका प्रभाव लड़कियों पर अधिक पड़ता है। बाल विवाह कानूनी अपराध है, इस पर दो वर्ष का कठोर कारावास एवं एक लाख रूपये का अर्थदण्ड का प्रावधान है।

#### बेटियों का बाल विवाह न करें : भावना

महिला एवं बाल विकास विभाग की पर्यवेक्षक भावना सिन्हा ने बाल विवाह के दुष्परिणाम की चर्चा करते हुए महिलाओं से आग्रह किया कि अपनी बेटियों का बाल विवाह न करें तथा अन्य लोगों को भी जागरूक कर बाल विवाह रोकने का प्रयास करें। कार्यक्रम में शाला की प्रधान पाठिका आशा कुजूर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता इंद्राणी सोनवानी, किशोरी बालिका प्रज्ञा, माही, किरण, प्रतिज्ञा, मधु, सुखमनी, तीज बाई, रूखमणी, रेखा उपस्थित थीं।

# सेवानिवृत्त ब्रिगेडियर पी गणेशम ने विद्यार्थियों को बताया जमीनी स्तर के नवाचार का महत्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- समाधान महाविद्यालय ग्रासरूट एट इनोवेशन्स विषय पर हुई कार्यशाला



समाधान महाविद्यालय व आईटीआई में इनोवेशन्स एट ग्रासरूट पर सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार के मुख्य वक्ता रिटायर्ड ब्रिगेडियर पी गणेशम हैदराबाद से रहे। उन्हें पूर्व राष्ट्रपति डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम के साथ मिलकर कार्य का अवसर प्राप्त हुआ, जिनसे जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिली। वे राष्ट्रपति विशिष्ट मेडल से सम्मानित हो चुके हैं। सेना से सेवानिवृत्ति के बाद भारत डायनेमिक लिमिटेड में निदेशक के रूप में सेवा की। सलाहकार बोर्ड ईसीएचएस और आंध्रप्रदेश राज्य सैनिक बोर्ड तेलंगाना के सदस्य रहे। वे वर्तमान में जमीनी स्तर पर

नवाचार के लिए कार्य कर रहे हैं। पिछले 25 वर्षों में 100 से अधिक लोगों को राष्ट्रीय स्तर के अवार्ड दिलवा चुके हैं, जिनमें से तीन पद्मश्री व राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। उन्होंने बताया कि हमारे कार्य करने का ध्येय व्यक्तिगत उत्कृष्टता का सम्मान कर आगे बढ़ाना, अपूर्णता को पहचानकर पूर्णता की ओर ले जाना व संसाधनों को अधिक लोगों के लिए उपलब्ध कराने पर आधारित हैं। गांव में खुशहाली के लिए जमीन स्तर पर नवाचार की परम आवश्यकता है। हमें ग्रासरुट लेवल की समस्या को पहचानकर सृजनात्मक कार्य करना हैं, जिससे लोगों के कार्यों में आसानी व सुविधा आ सके। लोगों में स्वयंसेवा, मूल्यों व संवेदना से नवाचार की शुरुआत किया जाना संभव है। नई पद्धति से लोगों में कार्य के प्रति रुचि व प्रेरणा जागृत होती हैं। इनोवेशन का कार्य महिलाएं

अच्छी तरीके से कर पाती हैं। इसके पश्चात उन्होंने पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से ग्रॉसरूट इनोवेशन के उल्लेखनीय कार्यों जैसे- यूजर फ्रेंडली पैडल रिक्शा, एडजेस्टेबल वाटर, पोल क्लाइंबिंग, फर्टिलाइजर डिस्पेंसर, साइकिल ड्राइवर स्प्रेयर, स्कूल टैप्स, विलेज ट्रांसपोर्टर कोंडल नायक, पैडल लिफ्ट फार हैंडलूम्स, क्रेन फॉर ईच विलेज, विलेज ट्रांसपोर्टर, व्हील फार ट्रैक्टर, शेड फार फार्मर आदि को रखा।

विद्यार्थियों ने उनके जीवन यात्रा से संबंधित प्रश्न पूछे। उन्होंने बताया कि मैंने अपनी यात्रा में एक्सीलेंस को केंद्र में रखा। जहां भी कुछ नया सीखने का अवसर प्राप्त हुआ पूर्ण लगन व निष्ठा से सीखने का प्रयास किया। अतिथि को महाविद्यालय के प्रतीक चिन्ह, शॉल, डायरी व श्रीफल से सम्मानित किया गया। महाविद्यालय के डायरेक्टर डॉ. अवधेश पटेल ने आभार व्यक्त किया।

### कोचवाही में शुरू हुई श्रीमद् भागवत

**गुरूर।** ग्राम कोचवाही में श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह कृष्ण कथा का आयोजन 26 फरवरी से किया जा रहा है। इसका समापन 4 मार्च को होगा। कथा वाचक पंडित लीलेश्वर शास्त्री महाराज व परायणकर्ता पंडित बीट्टू तिवारी हैं। 26 फरवरी को संध्या गौकरण पूजा, यज्ञ स्थापना के बाद कथा हुई। 27 फरवरी को कथा वर्णन हुआ। 28 फरवरी को ध्रुव प्रहलाद, वामन चरित्र, 01 मार्च को कृष्ण जन्म, 2 मार्च को रूक्मिणी विवाह कथा का वर्णन किया जाएगा।

# विज्ञान प्रदर्शनी स्पर्धा में अभिनीत प्रथम



**देवकर।** पीएमश्री स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय देवकर के पांच विद्यार्थियों ने शंकराचार्य प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी भिलाई में आयोजित राज्य स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी प्रतियोगिता में शामिल हुए। जिसमें विद्यालय के विद्यार्थी श्रद्धा अग्रवाल, समीक्षा वर्मा, जान्हवी साहू, शिवम गुप्ता और अभिनीत सिहोरे कक्षा 11वीं (विज्ञान) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस उपलब्धि से एक बार फिर से विद्यालय के साथ पूरा नगर देवकर क्षेत्र गौरांवित हुआ है। इन विद्यार्थियों ने सौर सेल विलवणीकरण उपकरण बनाया था जिसके द्वारा नदी एवं समुद्र के पानी को पीने योग्य बनाने की विधि बताई गई थी इसमे सोलर सेल का इस्तेमाल मुख्य रूप से पर्यावरण अनुकूल को ध्यान में रख कर बनाया गया था । विद्याथियों को रसायन विज्ञान की व्याख्याता अंजू वर्मा ने जरूरी मार्गदर्शन दिया था। इस उपलब्धि पर प्राचार्य श्री अनिल कुमार डहाले ने इन छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया तथा विद्यालय के सभी शिक्षकगण एवं पालकगण ने हर्ष व्यक्त किया।

### रानो में मनाया गया राष्ट्रीय विज्ञान दिवस

# बच्चों ने बनाए सुन्दर एवं आकर्षक मॉडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

साजा विकास खण्ड के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला रानो में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया गया। जिसमें बच्चों ने प्रतिवर्ती चाप, सौर संयन्त्र, अमरबेल, ग्रहण, उत्सर्जन तंत्र, सौर मण्डल, बीजों के अंकुरण एवं सूक्ष्मदर्शी के बहुत ही सुन्दर एवं आकर्षक मॉडल प्रस्तुत किए।

नवाचारी शिक्षिका प्रतीक जैन ने इस आयोजन के उद्देश्य को स्पष्ट करते हुए बताया कि राष्ट्रीय विज्ञान दिवस को सर चंद्रशेखर वेंकट रमन की खोज रमन प्रभाव के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। इस खोज के लिए उन्हें सन 1930 में नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। आयोजन का उद्देश्य विज्ञान के महत्त्व एवं उसके अनुप्रयोग के सन्देश को फैलाना, वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देना, बच्चों को प्रोत्साहित करना तथा दैनिक जीवन में विज्ञान के महत्व को बताना है। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस विज्ञान से होने वाले लाभों के प्रति समाज में जागरूकता लाने एवं वैज्ञानिक सोच पैदा करने के उद्देश्य से मनाया जाता है।आज के आयोजन में साक्षी वर्मा ने प्रथम,केसर वर्मा ने द्वितीय एवं आशीष वर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।





